Edit with WPS Office

# St. Lawrence High School

**A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION**

**Hindi Worksheet (9)**

**Class- 11** पाठ - सूरदास के पद **Date: 26/06/2020**

**Full Marks: 15**

---

निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिये। *1X15=15*

१) श्री कृष्ण ने अपनी बाल- क्रीड़ा से किसे सुख प्रदान किया है?
क) स्वयं को ख) माता यशोदा को ग) महादेव को घ) ब्रह्मा को।

२) "सिब- बिरंचि नहिं पायो।' सिब और बिरंचि का क्या तात्पर्य है?
क) ब्रह्मा- शिव ख) शिव- ब्रह्मा ग) शिव- विष्णु घ) विष्णु- ब्रह्मा।

३) किसका मन उसके हाथ में नहीं है?
क) कृष्ण ग) उद्धव ग) प्रकृति घ) गोपियाँ।

४) 'रथ चढ़ाई हरि संग गए लै।' कृष्ण किस चीज को लेकर जाते हैं?
क) गोपियों का मस्तिष्क ख) गोपियों का मन ग) गोपियों की आत्मा घ) गोपियों की वाक् प्रवृत्ति।

५) रथ पर चढ़कर श्री कृष्णा कहां चले जाते हैं?
क) मथुरा ख) वृंदावन ग) हस्तिनापुर घ) द्वारका।

६) उद्धव गोपियों के पास किस प्रस्ताव को लेकर आते हैं?
क) तपस्या ख) सगुण भक्ति साधना ग) योग साधना घ) तंत्र साधना।

७) किसके कारण गोपियाँ अत्यंत दुखी है?
क) उद्धव ख) ग्वाल बलाएँ ग) श्री कृष्ण घ) यशोदा।

८) गोपियाँ श्री कृष्ण से क्यों दुखी है?
क) श्री कृष्ण मथुरा चले गए।
ख) श्री कृष्ण गोपियों को उनके संग लेकर नहीं गये।
ग) श्री कृष्ण मन लेकर उद्धव के सहारे योग भेज दिये।
घ) श्री कृष्ण अपने स्थान पर उद्धव को उनके पास भेज दिये।

९) 'तुम तैं होइ तो होइ।' प्रस्तुत पंक्ति में गोपियाँ किसके पास क्या होने की बात कह रही है?
क) ऊधौं- मन ख) ऊधौं- प्रेम ग) कृष्ण- मन घ) कृष्ण- प्रेम।

१०) 'सूर सपथ हमैं कोटि तिहारी।' प्रस्तुत पंक्ति के अनुसार कौन शपथ लेती है?
क) सूरदास ख) गोपियाँ ग) उद्धव घ) कृष्ण।

११) 'सूर सपथ हमैं कोटि तिहारी, कहीं करैंगी सोइ।' प्रस्तुत पंक्ति में कौन किसकी तरह कार्य करने की शपथ लेती है?
क) गोपियाँ- उद्धव ख) गोपियाँ- कृष्ण ग) उद्धव- गोपियाँ घ) उद्धव- कृष्ण।

१२) 'नातरु' शब्द का अर्थ क्या है?
क) अन्यथा ख) नाथ ग) अन्य घ) परमेश्वर।

१३) अपना मन अपने बस में न रख पाने के विषय को गोपियाँ किसे संवादित करती है?
क) श्री कृष्ण ख) यशोदा ग) वासुदेव घ) उद्धव।

१४) ऊधौं किस साधना को ज्ञान के रूप में लाकर गोपियों के पास समर्पित करना चाह रहे थे?
क) तंत्र क) मंत्र ग) योग घ) ध्यान।

१५) श्री कृष्ण गोपियों को विरहाग्नि में जलता छोड़कर कहां चले गए?

क) मथुरा ख) वृंदावन ग) हस्तिनापुर घ) द्वारका।

Edit with WPS Office

*Teacher's name- Riya Saha*